Title: Need to convert meter-gauge rail line between Swarupsar and Sriganganagar into broad gauge.

श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) : सभापति महोदया, राजस्थान के मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर में स्वरूपसर से श्री गंगानगर रेलवे लाइन आजादी के पूर्व की लगभग बनी हुई है व पाकिस्तान की सीमा से गुजरती है सेना व खाद्यान्न का आयात भी इसी लाइन से होता है। यह लाइन जिला मुख्यालय से जुड़ी हुई है। इससे करीब पांच तहसील भी जुड़ी हुई हैं। यह मात्र १६२ कि.मी. के लगभग है। मीटर गेज लाइन होने से किसानों के खाद्यान्नों में मूल्य की गिरावट भी होती है। यह लाइन दो बार बजट में भी ली गई है पर स्वीकृत नहीं की गई। मेरा सरकार से अनुरोध है कि स्वरूपसर से श्रीगंगानगर मीटर गेज रेलवे लाइन को ब्राडगेज में परिवर्तित करने तथा चालू करने का का आदेश देने की कृपा करें।

------ <